**Need to provide mobile veterinary clinics in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar-Laid**

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार सारण (छपरा), जिला के लगभग 1764 गाँवों और सिवान जिला के लगभग 1528 गाँवों की आबादी में अवस्थित है । इन सभी गाँवों में पशुधन आधारित जीवन जीने वाले किसान और पशुपालक निवास करते हैं । पशुपालन ही इन लोगों का मुख्य रूप से जीविका का आधार है । ऐसे में इनके पशुओं को आये दिन होने वाली तरह-तरह की खतरनाक बीमारियों से बचाने के लिए चिकित्सीय व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है, जो आज के तिथि में हमारे संसदीय क्षेत्र के पशुपालकों को उपलब्ध नहीं है ।

अत : मैं मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण जिला और सिवान जिला के सभी प्रखंडों एवं नगर पंचायतों में चलंत पशुचिकित्सालय की शुरुआत कर पशुओं की चिकित्सा उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराया जाये ।